महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
A State University Government of Uttar Pradesh; NAAC A++ Accredited; ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांक : एम.जे.पी.रू.वि. / सम्बद्धता / 2024 / 3714 दिनांक : 17.12.2024

**अति आवश्यक**

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक / प्रबन्धक / सचिव,
समस्त सम्बद्ध–राजकीय / संघटक / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषय– "भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी" के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक 18.12.2024 से 25.12.2024 तक की अवधि में कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया शिक्षा निदेशक (उ0शि0), डिग्री विकास अनुभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के संलग्न पत्रांक : डिग्री विकास / 1753 / 2024–25, दिनांक 16.12.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के साथ संलग्न मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–356 / सत्तर–7–2024, दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 के माध्यम से "भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी" के जन्मदिवस के अवसर पर दिनांक 18.12.2024 से 25.12.2024 तक की अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन समयान्तर्गत सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः कृपया उक्त के क्रम में पत्र में उल्लिखित विवरणानुसार कार्यक्रमों का समयान्तर्गत आयोजन करने तथा कृत कार्यवाही की आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक : उपर्युक्तानुसार।**

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. वित्त अधिकारी।
2. परीक्षा नियन्त्रक।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण / चीफ प्राक्टर / क्रीड़ा सचिव / समस्त निदेशक / समस्त वार्डन।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली–मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली।
5. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
6. समन्वयक, विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केन्द्र को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
7. कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
8. मीडिया प्रभारी।
9. उप कुलसचिव (प्रशासन / सम्बद्धता)
10. उप कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)
11. निजी सचिव–कुलपति।
12. प्रभारी, वेबसाईट।
13. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव।

कुलसचिव

DR-1475
17/12/24

अतिमहत्वपूर्ण/तत्काल/सर्वोच्च प्राथमिकता/ ई-मेल

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक,(उ०शि०)
डिग्री विकास अनुभाग
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

1- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2- कुलसचिव,
समस्त राज्य / निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः-डिग्री विकास / 1753 / 2024-25 दिनांक- 16 / 12 /2024

**विषयः- "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक- 18.12.2024 से 25.12.2024 तक की अवधि में कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन के पत्र संख्या- 356/सत्तर-7-2024 दिनांक- 16 दिसम्बर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक- 18.12.2024 से 25.12.2024 तक की अवधि में कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाना है।

उक्त के क्रम मे शासन का पत्र दिनांक- 16 दिसम्बर, 2024 संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक- 18.12.2024 से 25.12.2024 तक विवरणानुसार कार्यक्रमों का आयोजन कराना सुनिश्चित करें एवं कृत कार्यवाही की आख्या से इस कार्यालय को भी अवगत करायें।

संलग्नक-उक्तवत्

भवदीय,
डॉ०(अपर्णा मिश्रा)
संयुक्त निदेशक,(उ०शि०)
कृते-शिक्षा निदेशक(उ०शि०)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या- डिग्री विकास/ 1753-54 / उसी तिथि को।

प्रतिलिपि- मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग -07 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

डॉ०(अपर्णा मिश्रा)
संयुक्त निदेशक,(उ०शि०)
कृते-शिक्षा निदेशक(उ०शि०)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

Dr. Jyoti Pandey / D.R. (Affilia.)

कुलसचिव

O/C

श्री प्रसेनजित
17.12.24

"भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म दिवस समारोह"

महत्वपूर्ण / सर्वोच्च प्राथमिकता

संख्या- 356 /सत्तर-7-2024

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव/सचिव,
   उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त,
   उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग-7 लखनऊ : दिनांक: 16 दिसंबर, 2024

विषयः- "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक 18.12.2024 से दिनांक 25.12.2024 तक की अवधि में कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक 18.12.2024 से दिनांक 25.12.2024 तक की अवधि में प्रदेश के समस्त जनपदों में निम्नलिखित विवरणानुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है:-

1- कक्षा 8 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के मध्य "अटल जी एवं सुशासन" विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता (अधिकतम 1000 शब्द सीमा के अन्तर्गत) का आयोजन कराया जाये।

2- स्नातक एवं परास्नातक के छात्र-छात्राओं के मध्य "अटल जी एवं सुशासन" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाये।

3- युवा छात्र-छात्राओं के मध्य "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" के जीवन एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाये।

4- उपरोक्त आयोजन हेतु प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारी द्वारा जनपद में अवस्थापित विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय में से किसी एक उपयुक्त स्थल का चयन कर जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये।

5- जनपद स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रु० 5,000/-, रु० 3,000/- एवं रु० 2000/- की पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा।

जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रु० 10,000/-, रु० 5,000/- एवं रु० 2,500/- की पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा।

जनपद स्तरीय एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रु० 10,000/-, रु० 5,000/- एवं रु० 2,500/- की पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा।

इस हेतु निदेशक (उच्च शिक्षा) उ०प्र०, प्रयागराज द्वारा परिक्षेत्र के संबंधित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय नामित नोडल अधिकारी को विजेताओं को पुरस्कार धनराशि प्रदान करने हेतु उपलब्ध करायी जायेगी।

6- उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रत्येक जनपद को रु० 20,000/- की धनराशि संबंधित परिक्षेत्र के क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय नामित नोडल अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी।

7- जिला विद्यालय निरीक्षक, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एवं उच्च शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय नामित नोडल अधिकारी द्वारा सभी इण्टर कालेजों एवं सभी महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को प्रतियोगिता में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया जाये।

8- जनपद स्तरीय तीनों प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 18.12.2024 से दिनांक 22.12.2024 के मध्य सम्पन्न कराया जाये।

9- उक्त कार्यक्रम हेतु जनपद स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक समन्वयक तथा उच्च शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय नामित नोडल अधिकारी सह-समन्वयक होंगे।

10- जनपद स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मुख्य विकास अधिकारी को नोडल नामित किया जाता है। समस्त मुख्य विकास अधिकारी संबंधित जनपद के जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में सम्पूर्ण कार्यक्रम का सकुशल आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की जायेगी।

## "प्रदर्शनी का आयोजन"

11- सूचना, सचिवालय प्रशासन, संस्कृति एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 19.12.2024 से दिनांक 25.12.2024 के मध्य उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार एवं राज्य ललित कला अकादमी के समन्वय से "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।

## "दिनांक 25.12.2024 को आयोजित कार्यक्रमों का विवरण"

12- दिनांक 25.12.2024 को "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" के जन्म दिवस के अवसर पर मा० मुख्यमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में 10:30 बजे से 11:30 बजे के मध्य लोक भवन के सभागार में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

13- प्रदेश के प्रत्येक जनपद में दिनांक 25.12.2024 को जनपद के मा० जनप्रतिनिधिगण की गरिमामयी उपस्थिति में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे के मध्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त कार्यक्रम में लोक भवन के सभागार में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीम/सजीव प्रसारण हेतु व्यवस्था की जायेगी। उपरोक्त आयोजन हेतु समस्त जनपद के जिलाधिकारी उपयुक्त सभागार/ऑडिटोरियम पूर्व से चिह्नित कर लेंगे। कार्यक्रम में उक्त तीनों जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मा० जनप्रतिनिधिगण के माध्यम से पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कराया जायेगा।

14- संस्कृति विभाग के तत्वावधान में दिनांक 25.12.2024 को सांय 06:00 बजे से 08:00 बजे के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जनपद लखनऊ के जनपद स्तरीय एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेताओं द्वारा भी काव्य पाठ प्रस्तुत किया जायेगा।

15- सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनांक 19.12.2024 से दिनांक 25.12.2024 तक "सुशासन सप्ताह" के रूप में मनाये जाने हेतु निर्गत शासनादेश संख्या : 4150/बीस-7-वि०-2024 (1600316), दिनांक:13.12.2024 का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।

16- उपरोक्त के अतिरिक्त सम्पूर्ण प्रदेश में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन स्थानीय नगर निकाय एवं पंचायती राज विभाग द्वारा नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाये।

17- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्तानुसार 'भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर निर्दिष्ट कार्यक्रमों का आयोजन समयान्तर्गत सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

16.12.24

(मनोज कुमार सिंह)

मुख्य सचिव

संख्या:-356 (1)/सत्तर-7-2024, तददिनांक।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अपर मुख्य सचिव, मा० मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।

2- प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

3- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

4- निदेशक, संस्कृति निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ, उ०प्र०।

5- निदेशक, उ०प्र० राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ, उ०प्र०।

6- निदेशक, राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ, उ०प्र०।

7- निदेशक, उ०प्र० संगीत नाटक अकादमी, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

8- समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ०प्र०।

9- निदेशक, (उच्च शिक्षा) उ०प्र०, प्रयागराज।

10- निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा) उ०प्र०, प्रयागराज।

11- निदेशक, (बेसिक शिक्षा) उ०प्र०, प्रयागराज।

12- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ०प्र०।

13- समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ०प्र०।

आज्ञा से,

(एम० पी० अग्रवाल)

प्रमुख सचिव।